## सावित्री रोप-वे पर फंसे दो यात्री

100 फीट ऊंचाई पर रेस्क्यू कर बचाई जान



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** तीर्थ नगरी पुष्कर स्थित सावित्री माता मंदिर के लिए बने रोपवे पर उस समय हादसा घटित हो गया, जब सौ फुट की ऊंचाई पर एक ट्रॉली रास्ते में फंस गई। सूचना पर सिविल डिफेंस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमों ने ट्रॉली में फंसे तीनों श्रद्धालुओं को सुरक्षित नीचे उतारा। यह सब नजारा प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने के लिए मॉकड्रिल का था। मॉकड्रिल पुष्कर एसडीओ गौरव मित्तल की निगरानी में की गई। पुष्कर एसडीओ गौरव मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मॉकड्रिल का उद्देश्य आपदा स्थिति में तत्काल व सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारियों को परखना रहा। गुरुवार सुबह 8:30 बजे के बाद रोप-वे का संचालन बंद कर अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के लिए रोप-वे की केबिन को पहाड़ी के बीच रास्ते में फंसा हुआ दर्शाया गया, जिसमें तीन श्रद्धालु ट्रॉली में फंसे हुए थे। रोप-वे के नीचे पहले सुरक्षा जाल बिछाया गया फिर दो प्रशिक्षित जवान रस्सियों की सहायता से केबिन तक पहुंचे। उन्होंने पहले फंसे हुए व्यक्तियों को दिलासा दी और फिर एक-एक कर रस्सी के सहारे बनाई गई ट्रॉली के जरिए तीनों को नीचे उतारा गया। नीचे मौके पर मौजूद मेडिकल टीम के डॉ. अभिजीत सोनी ने तीनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पूरा ऑपरेशन लगभग 45 मिनट तक चला। इस दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक मॉकड्रिल की गई। अभ्यास के बाद रोप-वे का संचालन पुनः सामान्य रूप से शुरू कर दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर द्वितीय वंदना खोरवाल, सिविल डिफेंस की उपनियंत्रक पदमा देवी, एनडीआरएफप्रभारी योगेश मीणा, एसडीआरएफके इंचार्ज बग्गी मीणा, सिविल डिफेंस प्रभारी किशन गोपाल जाट सहित विभागों के अधिकारी, अग्निशमन दल व चिकित्सक मौके पर मौजूद रहे। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार नियमित सुरक्षा अभ्यास के तहत यह मॉकड्रिल छह माह में तीसरी बार आयोजित की गई।

### सफलता की कहानी

## तीन जुड़वां शिशुओं को मिला एसएनसीयू उपचार से नवजीवन

**मॉर्निंग न्यूज @ नागौर।** नागौर जिले के राजकीय जेएलएन अस्पताल की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एस.एन.सी.यू.) में एक बार फिर नवजात शिशु चिकित्सा सेवा ने उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। इस इकाई में उपचारत तीन गंभीर स्थिति के जुड़वा कम वजन के नवजात शिशुओं को नवजीवन प्राप्त हुआ है। निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत ने बताया कि नागौर जिले के निजी अस्पताल में जन्मे इन तीन जुड़वा शिशुओं को गंभीर स्थिति में 11 फरवरी को नागौर के राजकीय जेएलएन अस्पताल की एसएनसीयू में भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों शिशुओं का जन्म के समय सामान्य से बहुत कम वजन मात्र 910 ग्राम, 930 ग्राम और 960 ग्राम था और उनका जीवन खतरे में था। चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की विशेष देखभाल, तकनीकी विशेषज्ञता और उच्चस्तरीय चिकित्सा उपकरणों के कारण आज तीनों सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं। परियोजना निदेशक बाल स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी ने बताया कि शिशुओं के फेफड़ों की स्थिति को सुधारने में 'सर्फैक्टेंट' थैरेपी का उपयोग करते हुए निजी क्षेत्र में अत्यधिक महंगा रहने वाला यह उपचार एसएनसीयू इकाई में निशुल्क उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 67 दिन की सतत चिकित्सा, पोषण प्रबंधन, ऑक्सीजन सपोर्ट, संक्रमण नियंत्रण और माँ के दूध की निरंतर व्यवस्था के कारण अब तीनों बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो चुका है और उनका वजन सुरक्षित स्तर तक बढ़ चुका है। चिकित्सकों की देखरेख में अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट राजकीय चिकित्सालयों में संचालित हैं ओर नवजात शिशुओं के लिए उच्च स्तरीय उपचार-देखभाल सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवा रही हैं।

## ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चार्जशीट दायर किए जाने के विरोध में गुरुवार को अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी भवन पर एकत्र हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला जलाया।

# जल संरक्षण को बनाएंगे जन आंदोलन : सुरेश सिंह रावत

## बीर तालाब का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए संरक्षण व सौंदर्यीकरण के निर्देश

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बीर में स्थित प्राचीन तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए इसके संरक्षण, गहरीकरण, सफाई एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाएंगे ताकि भविष्य में पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। मंत्री रावत के साथ विभागीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में होगा विकसित :** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने निरीक्षण के दौरान घोषणा की कि ग्राम बीर स्थित तालाब को मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के तहत पारंपरिक जल प्रबंधन तकनीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का भी



समावेश किया जाएगा, जिससे जल स्तर स्थायी रूप से बढ़ाया जा सके। रावत ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेशभर में ऐसे और कई मॉडल तालाब विकसित किए जाएंगे, जो जल संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण बनेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परियोजना की रूपरेखा जल्द तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। रावत ने कहा कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए योजना बना रही है।

इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन तालाबों, बावड़ियों एवं अन्य जल संरचनाओं को पुनः सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना तक सीमित नहीं रखा जाएगा बल्कि इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा।

## रेलवे स्टेशन से दो तस्कर गिरफ्तार

28.240 किलो मादक पदार्थ जब्त

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जीआरपी थाना अजमेर ने प्लेटफॉर्म नंबर एक से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 28.240 किलोग्राम डोडा चूरा जब्त कर दो आरोपी मंदसौर निवासी गोविंद गिर पुत्र तेजगिर और गोविंद राव पुत्र देवीलाल को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडा चूरा की कीमत करीब 4 लाख 23 हजार 600 रुपये बताई जा रही है। जीआरपी अजमेर के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा और वृताधिकारी रामअवतार के निर्देशन में थानाधिकारी फूलचंद बालोटिया के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में आरोपियों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया। दोनों आरोपी मादक पदार्थ से भरे बैग लेकर ट्रेन से उतरे थे। दोनों आरोपी मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के रहने वाले हैं। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि डोडा चूरा सस्ते दामों पर मंदसौर से खरीद कर लाए थे। जीआरपी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर चित्तौड़गढ़ थानाधिकारी अनिल देवल को जांच सौंपी है।

## दोस्त ने नौकरी का झांसा देकर ठगा

महिला ने तीन के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपने पति के दोस्त पत्नी सहित दो अन्य लोगों के खिलाफ सरकारी नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी कर पचास हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन पुलिस से प्राप्त जाानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली शिवानी जैन ने कोर्ट के माध्यम से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता जैन ने बताया कि वर्ष 2021 में उसके पति का दोस्त आकाश अपनी पत्नी के साथ घर आया था। उन्होंने ने शिवानी को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसों की मांग की।

उनकी बातों में आ गई और अपने दस्तावेज देते हुए नौकरी संबंधी कागजाद भी सौंप दिए। पीड़िता जैन ने आरोप लगाया कि उसने अपनी ननद को भी विधवा कोटे में नौकरी दिलवाने के लिए कहा था। आरोपी ने व्हाट्सएप पर उसे चयन सूची भेजकर ननद के चयन की जानकारी दी और प्रमाण पत्र डाक से भेजे जाने का भरोसा दिलाया। इसी दौरान आरोपियों ने उससे 50 हजार रुपए की मांग की, जिस पर आरोपी को रकम दे दी। रकम लेने के बाद आरोपियों ने उनसे बातचीत बंद कर दी। पीड़िता द्वारा जब रुपयों की डिमांड की गई तो झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे।

# कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह में झूमे श्रद्धालु

## भागवत चरणारविन्द की प्रीति ही भागवत का फल है : पंडित शास्त्री

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पोटरखोली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन गुरुवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य पंडित ब्रजमोहन शास्त्री (वृंदावन वाले) ने भागवत के दशम स्कंध गोपी गीत में भगवान श्रीकृष्ण का सखियों के साथ महारास लीला सहित अन्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा में कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह की झांकी भी सजाई गई, श्रद्धालुओं ने पूजा आरती कर पुण्य लाभ कमाया। श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित ब्रजमोहन शास्त्री ने भगवान कृष्ण का गोपियों के समर्पण भाव के प्रति विस्तृत विवेचन किया। प्रभु मुझे बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि आप बृजजवासियों की सेवा के बदले



इन्हें क्या देंगे। ये समझ में नहीं आ रहा है। आपके पास इनके योग्य देने के लिए है ही नहीं। गोपी कृष्ण प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि आप प्रेम के बदले कुछ दे ही नहीं सकते। आप इनके ऋण से उऋण नहीं हो सकोगे। कथा में भागवत के दशम स्कंध पर कथा कहते हुए पंडित शास्त्री ने कहा कि ठाकुरजी सदा प्रेम के अधीन है। भक्तों के आधीन है। कहने का अर्थ भागवत स्वयम फल है। भागवत चरणारविन्द की प्रीति ही भागवत का फल है। उन्होंने कहा कि मोह होगा तो वियोग आनंद नहीं देगा। जीवन में ठाकुर जी से लाड़ लड़ाते रहो। उनकी कृपा के बिना सन्त नहीं मिल सकते। महारास के वृतांत में बताया कि जैसे भक्त भगवान को याद करते हैं, उसी प्रकार वैकुंठ में भगवान लक्ष्मीनारायण भी भक्तों की चर्चा करते है। भगवान ने लौकिक कामनाओं के लिए विभिन्न देवी देवताओं को बैठा रखा है।

**कथा में विवाह उत्सव मनाया:** कथा में भगवान श्री कृष्ण-रूक्मिणी विवाह उत्सव का आयोजन भी हुआ। कथा स्थल तक यजमान भगवान कृष्ण के स्वरूप को हाथ में लेकर बारात लेकर आए। वरमाला के साथ अग्नि की साक्षी में भगवान कृष्ण का रुक्मिणी के साथ परिणय कराया गया, जिसकी झांकी सजाई, श्रद्धालुओं पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। इसके साथ ही भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोकर हो कर झूमते लगे, पूरा पांडाल जयकारों से गूंज उठा। कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सहित बच्चे बुजुर्ग मौजूद रहे। कथा प्रतिदिन साढ़े बारह से साढ़े चार बजे तक चल रही है, समापन 19 मार्च को पूर्णाहूति के साथ होगा।

### अजमेर दरगाह मंदिर विवाद

## अंजुमन की याचिका पर केंद्र ने उठाए सवाल

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर के दावे पर अजमेर कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगाने को लेकर दरगाह में खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई जिस पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार को जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकल पीठ में याचिका पर सुनवाई हुई। वहीं केंद्र सरकार की ओर से वकील ने अंजुमन की याचिका पर सवाल उठाए। कोर्ट ने अब सुनवाई के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। हाईकोर्ट की एकल पीठ में याचिका पर अंजुमन के अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह और वागीश कुमार सिंह ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए हैं कि देशभर की किसी भी अदालत में ऐसे मामलों पर सुनवाई पर फिलहाल रोक रहेगी। इसके बावजूद अजमेर की सिविल कोर्ट में इस तरह की सुनवाई हो रही है, जो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सीधा उल्लंघन है। दूसरी ओर केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल आरडी रस्तोगी ने अंजुमन की याचिका पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अंजुमन उस सिविल केस में पक्षकार नहीं है, इसलिए उसे हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यह याचिका प्रारंभिक तौर पर सुनवाई योग्य नहीं है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद तय की है।

## पीएनबी के कर्मचारी ने की 6.45 लाख की हेराफेरी

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में रुपए गबन का मामला सामने आया है। बैंक के डिप्टी मैनेजर केशव इंदौरिया ने बैंक कर्मचारी गजेंद्र सिंह राठौड़ पर 6 लाख 45 हजार 800 रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक के डिप्टी मैनेजर केशव इंदौरिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी गजेंद्र सिंह बैंक में नियमित रूप से नोटों की शंटिंग के लिए आता जाता था और नोटों के बंडल तैयार करता था। इसी दौरान उसने समय समय पर बंडलों में से नोट चुपचाप निकाल लिए। दिसंबर 2024 में जब बैंक की ओर से नोटों को आरबीआई जयपुर में जमा करवाया गया, तो वहां गिनती के दौरान 100, 200 और 500 के नोटों के बंडल में नोटों की संख्या कम पाई गई। आरबीआई से रिपोर्टिंग मिलने के बाद जब बैंक प्रबंधन ने मामले की आंतरिक जांच शुरू की, तो सीसीटीवी फुटेज में गजेंद्र सिंह को नोटों के बंडल से नोट निकालते हुए देखा गया। इसकी जानकारी शाखा प्रबंधक राजीव जैन को दी गई। विभागीय जांच में गजेंद्र सिंह की ओर से धोखाधड़ी कर बैंक की नकदी में हेरफेर करने की पुष्टि हुई। डिप्टी मैनेजर इंदौरिया की शिकायत के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने गजेंद्र सिंह राठौड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## बिजयनगर ब्लैकमेल कांड : आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** बिजयनगर के बहुचर्चित ब्लैकमेल कांड मामले में पुलिस ने गुरुवार को विशेष न्यायालय संख्या एक में आठ आरोपियों के खिलाफ विस्तृत आरोप पत्र पेश किया। पुलिस द्वारा कोर्ट में 895 पेज का आरोप पत्र और 44 पेज की चार्जशीट दाखिल की गई। विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेन्द्र परिहार ने बताया कि पुलिस ने अरफाज, रेहान, अमन उर्फ आमान, जावेद अलीए लुकमान, सोहेल मंसूरी, आरिफ और करीम के खिलाफ चार्ज शीट दाखिल की है। चार्जशीट के अनुसार आरोपियों ने नाबालिग छात्राओं का पीछा कियाए उन्हें लालच देकर कीपैड मोबाइल,महंगे कपड़े और उपहार दिए। इसके बाद छात्राओं पर मनचाहे कपड़े पहनने, रेस्टोरेंट और कैफे में मिलने और दूसरी छात्राओं से दोस्ती करने का दबाव डाला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है, जो साजिश के विभिन्न पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। अब तक इस प्रकरण में 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें से तीन आरोपी नाबालिग हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि इस पूरे गिरोह का मुख्य सरगना पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी है, जो न केवल ब्लैकमेलिंग बल्कि कथित धर्मांतरण के षड्यंत्र में भी लिप्त था।

## 47 जरूरतमंद क्लब की सेवा से लाभान्वित

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से अजमेर के विभिन्न क्षेत्र में रहने वाले 47 जरूरतमंद परिवार के बच्चो को पेंट शर्टएहाफ पेंट एव सलवार सूट आदि की सेवा दी गई। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में इस क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से दी गई सेवा से जरूरतमंद परिवार के 47 बच्चो तक सेवा पहुंचाई गई।

# प्यार में रोडा बनी पत्नी को उतारा मौत के घाट, पति और प्रेमिका गिरफ्तार

## प्रेमिका के साथ मिलकर बनाई प्लानिंग, पुलिस ने 24 घंटे में किया हत्या का पर्दाफाश

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर जिले के मांगलियावास थाना क्षेत्र के डोडियाना गांव में गर्भवती विवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 24 घंटे अंदर पर्दाफाश कर दिया। प्यार में रोड बनी पत्नी को पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर प्लानिंग बनाई और फिर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने पति और प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है।

मांगलियावास थाना प्रभारी एसआई रामस्वरूप ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि डोडियाना में रहने वाली गर्भवती शोभादेवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मौके पर जाकर देखा तो उसके मुंह से खून निकल रहा था और जीभ बाहर निकली हुई थी। गले पर भी निशान थे।

**प्रेमिका संग प्लानिंग, फिर उतारा मौत के घाट:** एसआई रामस्वरूप ने बताया कि डोडियाना में 14 अप्रैल एक गर्भवती महिला शोभा की हत्या हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी भजन गायक शिवजी और उसकी प्रेमिका रेखा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने



बताया कि वह और रेखा 5 साल से रिलेशनशिप में थे। दोनों शादी करना चाहते थे। इसलिए पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए प्लानिंग की थी। हत्या के बाद प्रेमिका को कॉल कर कहा कि हमारी योजना के अनुसार पत्नी को मार दिया है। आरोपी ने अपने ससुराल वालों और परिवार को गुमराह करने के लिए कभी हार्टअटैक और कभी सुसाइड करने की बात कही। पुलिस को भी बार-बार गुमराह करता रहा। जब सख्ती से पूछताछ की तो प्रेमिका के साथ वारदात करना कबूला।

### परिजन ने जताई हत्या की आशंका

मृतक शोभा देवी के परिजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए पिता अमराराम ने 15 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में उन्होंने शक जाहिर किया कि दामाद का रेखा नाम की महिला से प्रेम प्रसंग है। पुलिस ने घटना स्थल का मोबाइल फोरेंसिक यूनिट से निरीक्षण करवाया था। उसके बाद जेएलएनएच अजमेर से मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया था।

आरोपी पति 13 अप्रैल की शाम को अपने परिवार वालों को भजन संध्या में केसरपुरा जाने की बात कहकर निकल गया। उसी रात एक बजे के करीब अपने घर आया और छत पर सो रही पत्नी को जगाकर बातचीत की। इस बीच कपड़े के गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी, जबकि पत्नी गर्भवती थी।